# सिविल सर्विसेज ऑफिसर्स को–ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाईटी, प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा, रांची

दिनांक–25.12.2018 को सिविल सर्विसेज ऑफिसर्स को–ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाईटी, धुर्वा, रांची की कार्यकारिणी समिति के बैठक में लिए गए निर्णयः–

---

आज दिनांक–25.12.2018 को सिविल सर्विसेज ऑफिसर को–ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाईटी, धुर्वा, रांची की कार्यकारिणी समिति की बैठक पलाश भवन, रॉची में आयोजित की गयी, जिसमें निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित हुए–

1. श्री डी0के0 पाण्डेय – अध्यक्ष
2. श्री ए0के0 रस्तोगी – सचिव
3. श्री आर0एल0 बक्सी – कोषाध्यक्ष
4. श्री आर0पी0 सिंह – सदस्य
5. श्री दिनेश कुमार – सदस्य

कार्यकारिणी समिति की बैठक प्रारंभ करते हुए अध्यक्ष के द्वारा सभी सदस्यों का हार्दिक अभिनन्दन किया गया और सचिव से आग्रह किया गया कि वे सिविल सर्विसेज ऑफिसर्स को–ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाईटी की वर्तमान स्थिति की जानकारी सभी कार्यकारिणी के सदस्यों को दें। सिविल सर्विसेज ऑफिसर्स को–ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाईटी के सचिव श्री ए0 के0 रस्तोगी के द्वारा कार्यकारिणी समिति को बताया गया कि वर्तमान में सोसाइटी के बाउंड्री वाल का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है। उन्होंने कार्य प्रारंभ नहीं होने के कारणों की विस्तृत जानकारी कार्यकारिणी के समक्ष रखा।

1. सोसाइटी की जमीन के अन्दर कुछ रैयती जमीन भी आती है, जिसको लेकर रैयतों द्वारा आपत्ति किया गया है कि समिति के बाउंड्री वाल का निर्माण यदि होता है तो उन्हें अपनी जमीन पर पहुंचने में दिक्कत होगी।

Scanned with CamScanner

2. समिति की जमीन का पुनः सीमांकन करने पर यह पाया गया कि कुछ सदस्यों के प्लौट कट रहे हैं।

3 कुछ सदस्यों द्वारा अभी तक विकास हेतु मांगी गयी राशि का भुगतान नहीं किया गया है।

उपरोक्त सभी बिन्दुओं पर कार्यकारिणी समिति ने यह निर्णय लिया कि इन सभी समस्याओं को सिविल सर्विसेज ऑफिसर्स को–ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाईटी के आम सभा के समक्ष रखा जाय। आम सभा का निर्णय के पश्चात् ही समिति द्वारा आगे की कार्यवाही की जाय।

सिविल सर्विसेज ऑफिसर्स को–ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाईटी, के कोषाध्यक्ष श्री राजीव लोचन बक्शी के द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के पश्चात् सभा की कार्यवाही समाप्त की गयी।

| | | |
|---|---|---|
| (आर0 एल0 बक्शी) | (ए0 के0 रस्तोगी) | (डी0 के0 पाण्डेय) |
| कोषाध्यक्ष | सचिव, | अध्यक्ष |

Scanned with CamScanner